

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

RNI No. CHHHIN/2009/35020

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 203 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 2 ₹ ◆ पृष्ठ : 4

धरमजयगढ़, गुरुवार 2 जून 2022



JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in


पेज -3 पर केलोभूमि परिवार की नई पीढ़ी के होनहार निलेश वीरेंद्र शर्मा ...

कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला की बेटी यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा ... पेज -4 पर

## एक नजर

रायपुर की पॉश कॉलोनी में जुए का अड्डा

### नेता सहित किराना, कपड़ा और ट्रेडिंग कारोबारी धरे गए, 10 लाख कैश बरामद



**रायपुर ।** रायपुर पुलिस ने एक पॉश इलाके में छापा मारा। यहां जुआ खेलते हुए NSUI का नेता और 14 कारोबारी मिले। इनके पास से एक दो नहीं बल्कि 10 लाख 20 हजार रुपए कैश भी मिला। कुल 15 जुआरियों को अब गिरफ्तार कर लिया गया है। बुधवार को इन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। मामला रायपुर के मारुति लाइफ स्टाइल रेसिडेंशियल एरिया का है। यहां करोड़ों के फ्लैट और विला हैं। यहां शहर के कई रईस वकील, बिजनेसमैन, अफसर और भाजपा-कांग्रेस के नेताओं के मकान हैं। रेसिडेंशियल एरिया के पास ही कॉलोनी का क्लब है। इसे ही जुआरियों ने जुए अड्डा बना रखा था। क्लब का नाम है क्लब परासियो।

### राज्यपाल ने लोकेश शर्मा को दी उपाधि

**राजनांदगांव ।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति सुश्री अनुसुईया उइके कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर के पंचम दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं और जिसमें वर्ष 2019, 2020 एवं 2021 स्नातक, स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की। जिसमें राजनांदगांव जिले से लोकेश शर्मा को स्नातक(बीएजेएमसी) , स्नातकोत्तर (मास्टर ऑफ जर्नलिज्म) की उपाधि राज्यपाल द्वारा दी गई।

# 50 लाख के हीरों के साथ बाप-बेटे गिरफ्तार

*गरियाबंद। छत्तीसगढ़ की गरियाबंद पुलिस ने बुधवार को 745 हीरों के साथ बाप-बेटे को गिरफ्तार किया है। बरामद हीरों की कीमत 50 लाख रुपए बताई जा रही है।*

ये हीरे प्रतिबंधित खदान पायलीखंड से निकाले गए थे। बाप-बेटे दोनों हीरे लेकर स्कूटी से ओडिशा बेचने के लिए ले जा रहे थे। पुलिस इसे जिले में हीरा तस्करों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई बता रही है।

जानकारी के मुताबिक, शोभा थाना पुलिस को सूचना मिली कि अवैध हीरा खदान पायलिखंड से हीरा लेकर दो लोग बेचने के लिए ओडिशा की ओर जा रहे हैं। इस



पर पुलिस ने बुधवार दोपहर कुशियार बरछा-कचना धुरवा के पास नाकाबंदी की। इसी बीच स्कूटी पर बताए गए हुलिए में दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस को चेकिंग करते देख स्कूटी चालक हड़बड़ा गया।

### भाग रहे आरोपियों को पीछा कर पकड़ा

स्कूटी चालकों को मुड़ता देख पुलिस ने रुकने का इशारा किया, इस पर तेजी से भागने लगे। उन्हें भागते देख पुलिस ने पीछा किया और घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने नाम-पता ओडिशा के नवरंगपुर बारसुंडी टोला निवासी खोकन ढली और विप्लव ढली बताया। यह भी पता चला कि दोनों पिता-पुत्र हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों से 745 हीरे बरामद हुए।

### खदान से हीरे निकालने को लेकर पूछताछ जारी

*पुलिस ने आरोपियों से हीरों के संबंध में कागज मांगे, लेकिन वे नहीं दिखा पाए। इस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से 7 हजार रुपए कीमत का मोबाइल और स्कूटी भी जब्त की गई। फिलहाल आरोपियों को हीरे खदान से कैसे मिले, इस संबंध में पुलिस पूछताछ कर रही है।*

# छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव की घोषणा

## प्रदेश में खाली 755 पदों के लिए 28 जून को मतदान; 30 जून को परिणाम की घोषणा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायतों के उप चुनाव की घोषणा हो गई है। इस बार 31 मार्च की स्थिति में खाली जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच के 755 पदों के लिए मतदान कराया जाना है।

नामांकन की प्रक्रिया तीन जून से शुरू होगी। जरूरी हुआ तो 28 जून को इन पदों के लिए मतदान कराया जाएगा। निर्वाचन परिणाम की घोषणा 30 जून को सुबह 9 बजे से ब्लॉक मुख्यालय में होगी।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने बताया, प्रदेश के 7 जनपद पंचायत सदस्य, 118 सरपंच और 630 पंच इस तरह कुल 755 रिक्त पदों पर निर्वाचन के लिए उप चुनाव का फैसला हुआ है। ऐसे क्षेत्रों की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन




25 मई को करा लिया गया है। जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंचों का निर्वाचन एक साथ कराया जायेगा।

ऐसी ग्राम पंचायतें जिनका कार्यकाल छह माह से अधिक शेष है वहां पद रिक्त होने की स्थिति में उप निर्वाचन कराया जा रहा है। त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचन गैर दलीय आधार पर होंगे। मतदान मतपत्रों के जरिए राज्य निर्वाचन आयोग की मतपेटी से कराया जायेगा। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही परिणाम की घोषणा तक संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी।

### आरक्षण की सूचना तीन जून को प्रकाशित होगी

राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन तीन जून की सुबह 10:30 बजे कर दिया जाएगा। इसी समय सें नाम-निर्देशन पत्र प्राप्त किए जा सकेंगे। सीटों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन भी तीन जून को अधिसूचना के साथ ही सुबह 10.30 बजे किया जाना है।

### 9 जून तक कर पाएंगे नामांकन

पंचायत चुनाव में उम्मीदवारी करने वाले 9 जून को दोपहर बाद तीन बजे तक अपना नामांकन भर पाएंगे। नाम-निर्देशन पत्रों की जांच 10 जून को सुबह 10 :30 बजे से किया जायेगा।

### 13 जून को मिल जाएगा चुनाव चिन्ह

*नामांकन पत्रों की जांच के बाद 13 जून को वैध उम्मीदवारों की सूची तैयार होगी और उन्हें चुनाव चिन्ह का आवंटन कर दिया जाएगा। शाम तक चुनाव चिन्ह के साथ उम्मीदवारों की सूची जारी हो जाएगी। जिन सीटों पर एक से अधिक उम्मीदवार बचे रहे वहां 28 जून को सुबह सात बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान समाप्त होने के बाद केंद्रों पर ही मतगणना हो जाएगी। अगर जरूरी समझा जाए तो मतगणना तहसील अथवा ब्लॉक मुख्यालयों पर 29 जून को दोपहर बाद तीन बजे से कराई जाएगी।*

# भिलाई की सिंपलेक्स कंपनी में भीषण आग

## 4 दमकल ने 4 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू; 3 करोड़ का सामान जलकर खाक

भिलाई। भिलाई की सिंपलेक्स कंपनी में देर रात आग लगने से वहां करीब 3 करोड़ रुपए से अधिक का सामान जलकर खाक हो गया है। सूचना मिलते ही 4 फायर ब्रिगेड वाहन मौके पर पहुंचे।



उन्होंने कई घंटों की मशक्कत के बाद 20 गाड़ी पानी और फोम की मदद से आग पर काबू पाया। जामुल पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।

### आग बुझाने में लगे दमकल कर्मी

### आग बुझाने में लगे दमकल कर्मी

अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्ग से मिली जानकारी के मुताबिक उन्हें 1 जून रात 2.30 बजे सिंपलेक्स कंपनी में आग लगने की सूचना मिली थी। आग काफी बड़ी थी, इसलिए तुरंत दो दमकल वाहनों को रवाना किया गया। वहां जाकर पता चला कि आग पूरी बिल्डिंग फैल चुकी है। दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझाना शुरू किया। इसी दौरान दो और दमकल वाहन वहां भेजे गए। इस आग को बुझाने के लिए 13 अग्निशमन कर्मी 3-4 घंट तक लगे रहे। आग बुझाने के दौरान 20 गाड़ी पानी की जरूरत पड़ी। इसके लिए एक दमकल का वाटर टैंक खाली होता तो वह पानी लेने जाती और जब तक वह आती तो दूसरी का पानी खत्म हो रहा था। आग बुझाने के दौरान फोम का भी इस्तेमाल किया गया ।

### तीन करोड़ रुपए का सामान जलकर खाक

बिल्डिंग में सिंप्लेक्स कंपनी का करोड़ों का सामान रखा हुआ था, जो की आग की चपेट में आ गया। अग्निशमन कर्मी एफ प्रवीण बारा, नागेश मारकंडे, पराग भोसले, धर्मेंद्र बंजारे, महेंद्र चंदेल ,प्रवीण सिन्हा, धनु यादव और घनश्याम यादव सहित नगर सैनिकों ने कड़ी मेहनत से आग को बुझाया। उनके मुताबिक इस आग से कंपनी को तीन करोड़ से अधिक का नुकसान हुआ है।

रमन सिंह का राहुल गांधी पर हमला बोला

# राहुल गांधी को कन्फ्यूजन है कि भारत राष्ट्र है कि नहीं,कांग्रेस को मुख्य प्रतिद्वंद्वी मानने से भी इनकार

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा, राहुल गांधी को यह कन्फ्यूजन है कि भारत राष्ट्र है कि नहीं। ऐसे लोग राष्ट्रवाद पर क्या बात करेंगे।



डॉ. रमन सिंह रायपुर के भाजपा कार्यालय के एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के 8 साल पूरे होने पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस को मुख्य प्रतिद्वंद्वी मानने से भी इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, जिन राज्यों में कभी कांग्रेस थी अब वहां उसके गिनती के विधायक भी नहीं बचे हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड में कांग्रेस नहीं बची। उत्तर प्रदेश में दो लोग चुनाव जीते हैं। उत्तर प्रदेश में पांचवें, बिहार में तीसरे-चौथे स्थान पर है। बड़े राज्यों में चौथे-पांचवें स्थान के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। कई राज्यों में तो कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष बनाने की स्थिति में नहीं है।

### रसोई गैस की कीमत हुई कम

**रायपुर ।** महंगाई से जूझ रहे आम आदमी के लिए राहत भरी खबर है। सरकारी तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को रसोई गैस सिलेंडर के दामों की समीक्षा करती हैं और ताजा खबर यह है कि जून महीने के लिए दाम में भारी गिरावट की गई है। कमर्शियल रसोई गैस सिलेंडर 135 रुपए सस्ता हुआ है। 1 जून से 19 किलो का कमर्शियल सिलेंडर 135 रुपये सस्ता हो जाएगा। हालांकि 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर की कीमत यथावत रहेगी। 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत अब दिल्ली में 2,354 रुपये प्रति सिलेंडर से घटकर 2,219 रुपए हो हुई है।

# नरेंद्र मोदी सरकार के 8 वर्ष पूरे होने पर सेवा सुशासन और गरीब कल्याण पखवाड़ा मनाएगी भाजपा- मंडावी

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 8 वर्ष पुरे होने पर भारतीय जनता पार्टी अगले 15 दिनों तक पूरे देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गरीब किसान शोषित वंचित अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कल्याण के लिए जो सरकार कार्यरत है उसके 8 साल 30 मई को पूरे हो गए। आज पूरा



देश प्रधानमंत्री जी के साथ खड़ा है। भाजपा जिला अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति की संस्कृति बदली है। 2 साल से करीब 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो मुफ्त राशन दिया जा रहा है। किसान सम्मान निधि के



### नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक द्वारा 02 जून को ली जाएगी प्रेस वार्ता

### स्वच्छता अभियान विभाग द्वारा घरेलू कामकाजी महिलाओं का किया जायेगा सम्मान

माध्यम से 10 करोड़ से ऊपर के किसानों को 21 हजार करोड़ रुपए की 11वीं किस्त प्रदान की गई। अभी तक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11वीं किस्त देने के बाद 02 लाख 01 हजार रूपये किसानो के खाते में अब तक केंद्र सरकार दे चुकी है। रूप सिंह मंडावी ने कहा नरेंद्र मोदी के 08 साल के कार्यों के रिपोर्ट पुस्तिका का विमोचन एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस व स्वच्छता अभियान के तहत कामकाजी महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम छत्तीसगढ़ के नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक के द्वारा किया जाएगा जिसमें जिले के प्रमुख नेतागण उपस्थित रहेंगे।

**परंपरा...** लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

# छत्तीसगढ़ी परंपरा और संस्कृति को फिर से स्थापित कर रही राज्य सरकार

रायपुर। रायपुर के साइंस कॉलेज परिसर स्थित डीडीयू आडिटोरियम में विकासपरक राज्यस्तरीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आज राजनांदगांव जिले के पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों, युवा मितान और ग्रामीणों ने अवलोकन किया।

उन्होंने राज्य सरकार के कामों की एक स्वर में सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ी परम्परा और संस्कृति को फिर से स्थापित कर रही है। डोंगरगढ़ ब्लॉक के मुसरा, मुरमुंदा, बोड़ताल



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

और ढरा से आए स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने प्रदर्शनी में जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लोगों के जीवन में आए बदलावों को देखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वाभिमान की एक नई लहर चली है। अपनी परंपराओं और संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ा जा रहा है। विकास कार्यों की उपलब्धियों का अवलोकन कर उन्होंने कहा कि जीवन स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में किया जा रहा प्रयास विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगढ़ जनपद से राजधानी आए विभिन्न

### छायाचित्र प्रदर्शनी देखने आए जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एक स्वर में राज्य सरकार के कामों को सराहा

ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, सुराजी गांव योजना, गोधन न्याय योजना जैसी कई योजनाएं प्रकृति की रक्षा के साथ किसानों की आय बढ़ाने में कारगर साबित हो रही हैं। गैर वनीय क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी से वृक्षारोपण करने से हरियाली के साथ शुद्ध पर्यावरण मिलेगा, इससे ग्रामीणों की आर्थिक मदद भी हो सकेगी। उन्होंने कहा कि राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से गांव के युवा रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ रहे हैं।




# रायपुर एयरपोर्ट पर पिस्टल सहित कारोबारी गिरफ्तार

**रायपुर** रायपुर एयरपोर्ट में एक युवक पिस्टल लेकर घुस गया। वो प्लेन में बैठकर सफर करने की तैयारी में था। सुरक्षा जांच में पकड़े जाने पर पुलिस ने इसे गिरफ्तार कर लिया है। अब पुलिस इससे पूछताछ कर रही है कि पिस्टल आई कहां से। इस तरह एयरपोर्ट में हथियार मिलने की घटना से सुरक्षा में तैनात CISF के जवान अलर्ट मोड पर आ गए थे। इसके बाद हर यात्री पर और भी कड़ी निगरानी के रखते हुए जांच की जा रही है।

उसने इंडिगो एयरलाइंस में टिकट बुक करा रखा था। जय के बैग में पिस्टल थी। पिस्टल के साथ उसे एंट्री मिल गई। वो



बोर्डिंग पास भी ले चुका था। इसके बाद सुरक्षा जांच के लिए ष्टढ्ढस्स्न की टीम ने उसे रोका। जय अपना बैग स्कैन मशीन में देकर पर्सनल बॉडी चेक के लिए गया। बैग स्कैन कर रहे अफसर ने देखा

### चेकिंग के दौरान CISF ने बिलासपुर के युवक को पकड़ पुलिस को सौंपा

कि अंदर पिस्टल रखी है। दोबारा से स्कैन करने पर भी पिस्टल दिखी। फौरन जय को ष्टढ्ढस्स्न के जवानों ने घेर लिया। उससे बैग खोलकर दिखाने को कहा गया। अंदर से पिस्टल निकली। जांच करने पर पता चला कि ये पिस्टल अमेरिकन है। जय के पास इस पिस्टल का कोई लाइसेंस नहीं था। फौरन इसकी खबर माना थाने में दी गई और जय को पुलिस के हवाले कर दिया गया।

